**MICROSOFT सॉफ़्टवेयर लायसेंस शर्तें**

**WINDOWS 7 ULTIMATE**

लायसेंस की ये शर्तें Microsoft Corporation (या जहाँ आप रहते हैं, वहाँ इसकी किसी सहयोगी कंपनी) और आपके बीच एक अनुबंध है. कृपया इन्हें पढ़ें. वे उपरोक्त सॉफ़्टवेयर पर लागू होती हैं, जिसमें यदि कोई हो तो वह मीडिया भी शामिल है जिस पर आपको वह सॉफ़्टवेयर प्राप्त हुआ है. कागज़ पर मुद्रित लायसेंस की शर्तें, जो सॉफ़्टवेयर के साथ हो सकती हैं, किसी भी ऑन-स्क्रीन लायसेंस की शर्तों का स्थान ले सकती हैं या उन्हें संशोधित कर सकती हैं. ये शर्तें इस सॉफ़्टवेयर के किसी भी Microsoft

- अद्यतनों,
- पूरकों,
- इंटरनेट आधारित सेवाओं, और
- सहायक सेवाओं

पर भी लागू होती हैं, जब तक कि उन आइटम्स के साथ अन्य शर्तें न हों. यदि ऐसा है, तो वे शर्तें लागू होती हैं.

**इस सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके, आप इन शर्तों को स्वीकार करते हैं. यदि आप इन्हें स्वीकार नहीं करते हैं, तो इस सॉफ़्टवेयर का उपयोग न करें.** इसके बजाए धन वापसी या क्रेडिट के लिए उसे रीटेलर को लौटा दें. यदि आपको वहाँ अपना धन वापस नहीं मिलता है, तो Microsoft की धन वापसी नीतियों के बारे में जानकारी के लिए Microsoft या अपने देश में कार्यरत Microsoft की सहयोगी कंपनी से संपर्क करें. देखें www.microsoft.com/worldwide. भारत के लिए, (91) (11) 6294600 पर फोन करें या www.microsoft.com/india/default.aspx देखें.

**नीचे दिए वर्णन के अनुसार, इस सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने का अर्थ सक्रियण, सत्यापन के दौरान और इंटरनेट आधारित सेवाओं के लिए कुछ कंप्यूटर जानकारी के संप्रेषण के लिए आपकी सहमति भी है.**

**यदि आप लायसेंस की इन शर्तों का अनुपालन करते हैं, तो आपके द्वारा लिए गए प्रत्येक लायसेंस के लिए आपके पास निम्न अधिकार हैं.**

**1. अवलोकन.**

**a. सॉफ़्टवेयर.** इस सॉफ़्टवेयर में डेस्कटॉप ऑपरेटिंग सिस्टम सॉफ़्टवेयर शामिल है. इस सॉफ़्टवेयर में Windows Live सेवाएँ शामिल नहीं हैं. Windows Live Microsoft की ओर से एक अलग अनुबंध के तहत उपलब्ध कराई जाने वाली सेवा है.

**b. लायसेंस मॉडल.** सॉफ़्टवेयर प्रति कॉपी प्रति कंप्यूटर आधार पर लायसेंसीकृत किया जाता है. कंप्यूटर एक भौतिक हार्डवेयर प्रणाली है जिसमें सॉफ़्टवेयर चलाने के लिए सक्षम एक आंतरिक संग्रहण डिवाइस होती है. हार्डवेयर विभाजन या ब्लेड को एक अलग कंप्यूटर माना जाता है.

2. **स्थापना और उपयोग के अधिकार.**

   a. **एक प्रतिलिपि प्रति कंप्यूटर.** आप एक कंप्यूटर पर सॉफ़्टवेयर की एक प्रति स्थापित कर सकते हैं. वह कंप्यूटर "लायसेंसीकृत कंप्यूटर" कहलाता है.

   b. **लायसेंसीकृत कंप्यूटर.** लायसेंसीकृत कंप्यूटर पर आप एक बार में अधिकतम दो प्रोसेसरों पर सॉफ़्टवेयर का उपयोग कर सकते हैं. इन लायसेंस शर्तों में दी गई स्थिति को छोड़ कर आप इस सॉफ़्टवेयर का उपयोग किसी अन्य कंप्यूटर पर नहीं कर सकते.

   c. **उपयोगकर्ताओं की संख्या.** इन लायसेंस शर्तों में दी गई स्थिति को छोड़ कर, एक बार में केवल एक उपयोगकर्ता इस सॉफ़्टवेयर का उपयोग कर सकता है.

   d. **वैकल्पिक संस्करण.** इस सॉफ़्टवेयर में एक से अधिक संस्करण हो सकते हैं, जैसे 32-बिट और 64-बिट. आप एक बार में केवल एक संस्करण की स्थापना और उसका उपयोग कर सकते हैं.

3. **अतिरिक्त लायसेंस आवश्यकताएँ और/या उपयोग के अधिकार.**

   a. **मल्टीप्लेक्सिंग.** यदि आप हार्डवेयर या सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके

      - कनेक्शनों को पूल करते हैं, या
      - उन डिवाइस या उपयोगकर्ताओं की संख्या घटाते हैं जिनकी इस सॉफ़्टवेयर तक सीधी पहुँच हो या वे उसका उपयोग करते हों

   (जिसे अक्सर "मल्टीप्लेक्सिंग" या "पूलिंग" कहा जाता है), तो इससे आपके लिए आवश्यक होने वाले लायसेंसों की संख्या कम नहीं होगी.

   b. **फ़ॉन्ट घटक.** जब यह सॉफ़्टवेयर चल रहा हो, तो आप इसके फ़ॉन्ट का उपयोग सामग्री के प्रदर्शन व मुद्रण के लिए कर सकते हैं. आप केवल

      - फ़ॉन्ट के एम्बेडिंग प्रतिबंधों की अनुमतियों के अनुसार सामग्री में फ़ॉन्ट को एम्बेड कर सकते हैं, और
      - उन्हें अस्थायी रूप से किसी प्रिंटर या अन्य आउटपुट डिवाइस पर डाउनलोड कर सकते हैं.

   c. **चिह्न, छवियाँ और ध्वनियाँ.** जब सॉफ़्टवेयर चल रहा हो तो आप उसके चिह्नों, छवियों, ध्वनियों, और मीडिया का उपयोग कर सकते हैं लेकिन उन्हें साझा नहीं कर सकते. सॉफ़्टवेयर के साथ उपलब्ध कराई गई छवियाँ, ध्वनियाँ, और मीडिया केवल आपके गैर-व्यावसायिक उपयोग के लिए हैं.

   d. **वर्चुअलाइज़ेशन तकनीकों के साथ उपयोग.** सॉफ़्टवेयर का उपयोग सीधे लायसेंसीकृत कंप्यूटर पर करने के बजाय आप लायसेंसीकृत कंप्यूटर पर मौजूद केवल एक वर्चुअल (या अन्य प्रकार से अनुकृत) हार्डवेयर प्रणाली के भीतर सॉफ़्टवेयर की स्थापना और उसका उपयोग कर सकते हैं. किसी वर्चुअलाइज़्ड परिवेश में उपयोग किए जाने पर डिजिटल राइट्स मैनेजमेंट टेक्नॉलॉजी, बिटलॉकर या किसी पूर्ण वॉल्यूम डिस्क ड्राइव एन्क्रिप्शन टेक्नॉलॉजी द्वारा

रक्षित सामग्री शायद वैसी सुरक्षित न हो जिस तरह किसी गैर-वर्चुअलाइज़्ड परिवेश में मौजूद रक्षित सामग्री होती है. आपको उन सारे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का अनुपालन करना चाहिए जो ऐसी रक्षित सामग्री पर लागू होते हैं.

**e.** **संचय.** आप किसी संचय डिवाइस, जैसे नेटवर्क सर्वर, पर सॉफ़्टवेयर की एक प्रति संचित कर सकते हैं. आप इस प्रति का उपयोग किसी अन्य ऐसे कंप्यूटर पर सॉफ़्टवेयर स्थापित करने के लिए कर सकते हैं जिसे यह लायसेंस दिया गया है.

**f.** **डिवाइस कनेक्शन.** आप अधिकतम 20 अन्य डिवाइसेस को लायसेंसीकृत कंप्यूटर पर स्थापित किए गए सॉफ़्टवेयर एक्सेस करके उन्हें केवल फ़ाइल सेवाओं, प्रिंट सेवाओं, इंटरनेट जानकारी सेवाओं और इंटरनेट कनेक्शन साझाकरण और टेलीफ़ोनी सेवाओं का उपयोग करने की अनुमति दे सकते हैं.

**g.** **दूरस्थ पहुँच तकनीकें.** नीचे दिए अनुसार आप दूरस्थ पहुँच तकनीकों की मदद से आप किसी अन्य डिवाइस से दूरस्थ रूप से लायसेंसीकृत कंप्यूटर पर स्थापित सॉफ़्टवेयर तक पहुँच सकते हैं और उसका उपयोग कर सकते हैं.

- <u>दूरस्थ डेस्कटॉप</u>. लायसेंसीकृत कंप्यूटर का एक प्राथमिक उपयोगकर्ता दूरस्थ डेस्कटॉप या उसके जैसी तकनीकों की मदद से किसी अन्य डिवाइस से एक सत्र तक पहुँच स्थापित कर सकता है. "सत्र" का अर्थ है इनपुट, आउटपुट और डिस्प्ले पेरिफ़ेरल्स के किसी भी संयोजन के द्वारा प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सॉफ़्टवेयर के साथ परस्पर क्रिया करने का अनुभव. अन्य उपयोगकर्ता इन तकनीकों की मदद से किसी भी अन्य डिवाइस से सत्र तक पहुँच स्थापित कर सकते हैं, बशर्ते दूरस्थ डिवाइस सॉफ़्टवेयर रन करने के लिए अलग से लायसेंसीकृत की गई हो.

- <u>अन्य पहुँच तकनीकें</u>. आप किसी सक्रिय सत्र को साझा करने के लिए दूरस्थ सहायता या उसके जैसी तकनीकों का उपयोग कर सकते हैं.

**h.** **मीडिया सेंटर एक्सटेंडर.** सॉफ़्टवेयर उपयोगकर्ता इंटरफ़ेस या सामग्री को अन्य डिस्प्ले या डिवाइसेस पर प्रदर्शित करने के लिए आप एक समय में पाँच मीडिया सेंटर एक्सटेंडर सत्रों (या अन्य सॉफ़्टवेयर या डिवाइस जो समान उद्देश्य के लिए समान कार्यक्षमता प्रदान करते हैं) को चालू रख सकते हैं.

**i.** **इलेक्ट्रॉनिक प्रोग्रामिंग मार्गदर्शिका.** यदि इस सॉफ़्टवेयर में किसी ऐसी इलेक्ट्रॉनिक मार्गदर्शिका सेवा तक पहुँच शामिल है जो अनुकूलित टेलिविजन लिस्टिंग प्रदर्शित करती हो, तो उस सेवा पर एक अलग सेवा अनुबंध लागू होगा. यदि आप सेवा अनुबंध की शर्तों से सहमत नहीं हैं, तो सॉफ़्टवेयर का उपयोग जारी रख सकते हैं, लेकिन आप इलेक्ट्रॉनिक प्रोग्रामिंग मार्गदर्शिका सेवा का उपयोग नहीं कर सकेंगे. इस सेवा में विज्ञापन सामग्री और संबंधित डेटा हो सकता है जिन्हें सॉफ़्टवेयर द्वारा प्राप्त और संचित किया जाता है. यह सेवा सभी क्षेत्रों में उपलब्ध नहीं है. सेवा अनुबंध तक पहुँच स्थापित करने के निर्देशों के लिए कृपया सॉफ़्टवेयर जानकारी देखें.

**j.** **संबंधित मीडिया जानकारी.** यदि आप अपने प्लेबैक अनुभव के एक हिस्से के रूप में संबंधित मीडिया जानकारी का अनुरोध करते हैं, तो आपको प्रदान किया गया डेटा शायद स्थानीय भाषा में न हो. कुछ देशों या क्षेत्रों में ऐसे कानून और नियम होते हैं जो कुछ खास प्रकार की सामग्री तक पहुँचने की आपकी क्षमता को प्रतिबंधित या सीमित कर सकते हैं.

**k.** **मीडिया सेंटर का विश्वव्यापी उपयोग.** मीडिया सेंटर हर देश में उपयोग के लिए तैयार नहीं किया गया है. उदाहरण

के लिए, हालांकि मीडिया सेंटर जानकारी में कुछ सुविधाओं जैसे इलेक्ट्रॉनिक प्रोग्रामिंग मार्गदर्शिका का उल्लेख हो सकता है, या वे टीवी ट्यूनर कॉन्फ़िगर करने की जानकारी प्रदान कर सकते हैं, लेकिन ये सुविधाएँ शायद आपके क्षेत्र में कार्य न करें. कृपया मीडिया सेंटर जानकारी में उन सुविधाओं की सूची देखें जो शायद आपके क्षेत्र में कार्य न करती हों.

**4. अनिवार्य सक्रियण.**

सक्रियण सॉफ़्टवेयर के उपयोग को किसी विशिष्ट कंप्यूटर के साथ जोड़ देता है. सक्रियण के दौरान यह सॉफ़्टवेयर Microsoft को सॉफ़्टवेयर और कंप्यूटर के बारे में जानकारी भेजेगा. इस जानकारी में सॉफ़्टवेयर का संस्करण, भाषा और उत्पाद कुंजी, कंप्यूटर का इंटरनेट प्रोटोकॉल पता, और कंप्यूटर के हार्डवेयर कॉन्फ़िगरेशन से प्राप्त जानकारी शामिल होती है. अधिक जानकारी के लिए go.microsoft.com/fwlink/?Linkid=104609 देखें. इस सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके आप इस जानकारी के प्रेषण के लिए अपनी सहमति देते हैं. उचित रूप से लायसेंसीकृत होने पर आपके पास सक्रियण के लिए दिए गए समय तक स्थापना प्रक्रिया के दौरान स्थापित किए गए सॉफ़्टवेयर के संस्करण का उपयोग करने का अधिकार है. **यदि सॉफ़्टवेयर सक्रिय नहीं किया गया है, तो आपके पास सक्रियण के लिए दिए गए समय के बाद सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने का अधिकार नहीं होगा.** यह इसलिए किया जाता है ताकि उसका गैर लायसेंसीकृत उपयोग न हो. **आपको सक्रियण को बाइपास करने या कोई छेड़छाड़ करके उससे आगे बढ़ने की अनुमति नहीं है.** यदि कंप्यूटर इंटरनेट से कनेक्ट किया हुआ है, तो सॉफ़्टवेयर सक्रियण के लिए स्वतः Microsoft से कनेक्ट हो सकता है. आप सॉफ़्टवेयर को इंटरनेट या टेलीफ़ोन के द्वारा मैन्युअल रूप से भी सक्रिय कर सकते हैं. यदि आप ऐसा करते हैं, तो इंटरनेट और टेलीफ़ोन के सेवा शुल्क लागू हो सकते हैं. आपके कंप्यूटर के घटकों या सॉफ़्टवेयर में किए जाने वाले कुछ परिवर्तनों के कारण हो सकता है आपको इस सॉफ़्टवेयर को पुनःसक्रिय करना पड़े. **सॉफ़्टवेयर आपको इसे सक्रिय करने का स्मरण कराएगा जब तक कि आप ऐसा कर न लें.**

**5. प्रमाणीकरण.**

**a.** सत्यापन यह सुनिश्चित करता है कि सॉफ़्टवेयर सक्रिय कर दिया गया है और उचित रूप से लायसेंसीकृत है. वह यह भी सत्यापित करता है कि सॉफ़्टवेयर के प्रमाणीकरण, लायसेंसीकरण या सक्रियण फ़ंक्शन में कोई अनधिकृत परिवर्तन नहीं किए गए हैं. प्रमाणीकरण ऐसे अनधिकृत परिवर्तनों से जुड़े दुर्भावनापूर्ण या अनधिकृत सॉफ़्टवेयर की भी जाँच कर सकता है. आप उचित रूप से लायसेंसीकृत हैं इसकी पुष्टि करने वाली प्रमाणीकरण जाँच आपको सॉफ़्टवेयर, सॉफ़्टवेयर की कुछ खास सुविधाओं का उपयोग जारी रखने की या अतिरिक्त लाभ प्राप्त पाने की अनुमति देती है. **आपको प्रमाणीकरण के साथ छेड़छाड़ करने की अनुमति नहीं है.** यह इस सॉफ़्टवेयर के गैर लायसेंसीकृत उपयोग को रोकने के लिए किया जाता है. अधिक जानकारी के लिए, go.microsoft.com/fwlink/?Linkid=104610 देखें.

**b.** यह सॉफ़्टवेयर समय समय पर सॉफ़्टवेयर की प्रमाणीकरण जाँच करेगा. यह जाँच इस सॉफ़्टवेयर या Microsoft द्वारा आरंभ की जा सकती है. सक्रियण फ़ंक्शन और प्रमाणीकरण जाँच सक्षम करने के लिए, सॉफ़्टवेयर को समय समय पर सॉफ़्टवेयर के प्रमाणीकरण, लायसेंसीकरण या सक्रियण फ़ंक्शनों के अद्यतन या अतिरिक्त डाउनलोड की आवश्यकता हो सकती है. ये अद्यतन और डाउनलोड सॉफ़्टवेयर की उचित कार्यप्रणाली के लिए आवश्यक होते हैं और इन्हें आपको सूचित किए बगैर डाउनलोड और स्थापित किया जा सकता है. प्रमाणीकरण जाँच के दौरान या बाद में सॉफ़्टवेयर Microsoft को सॉफ़्टवेयर, कंप्यूटर और प्रमाणीकरण जाँच के बारे में जानकारी भेज सकता है. इस जानकारी में, उदाहरण के लिए, सॉफ़्टवेयर का संस्करण और उत्पाद कुंजी,

सॉफ़्टवेयर के प्रमाणीकरण, लायसेंसीकरण या सक्रियण फ़ंक्शनों में किए गए कोई भी अनधिकृत परिवर्तन, प्राप्त हुए कोई भी संबंधित दुर्भावनापूर्ण या अनधिकृत सॉफ़्टवेयर और कंप्यूटर का इंटरनेट प्रोटोकॉल पता शामिल हो सकता है. Microsoft इस जानकारी का उपयोग आपको पहचानने या आपसे संपर्क करने के लिए नहीं करता. इस सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके आप इस जानकारी के प्रेषण के लिए अपनी सहमति देते हैं. प्रमाणीकरण और प्रमाणीकरण जाँच के दौरान या बाद में क्या भेजा जाता है, इसके बारे में अधिक जानकारी के लिए go.microsoft.com/fwlink/?Linkid=104611 देखें.

**c.** यदि प्रमाणीकरण जाँच के बाद यह पाया जाता है कि सॉफ़्टवेयर जाली, अनुचित रूप से लायसेंसीकृत या नकली Windows उत्पाद है, या उसमें अनधिकृत परिवर्तन शामिल हैं, तो सॉफ़्टवेयर की कार्यप्रणाली और उसे उपयोग करने का अनुभव प्रभावित होगा, उदाहरण के लिए:

Microsoft

- सॉफ़्टवेयर को रिपेयर कर सकता है, ऐसे किसी भी अनधिकृत परिवर्तनों को निकाल, क्वारंटाइन या अक्षम कर सकता है जो सॉफ़्टवेयर के उचित उपयोग में बाधा उत्पन्न करते हों, जिसमें सॉफ़्टवेयर के सक्रियण या प्रमाणीकरण फ़ंक्शन के साथ छेड़छाड़ शामिल है, या
- ऐसे अनधिकृत परिवर्तनों से ज्ञात रूप से जुड़े दुर्भावनापूर्ण या अनधिकृत सॉफ़्टवेयर की जाँच करके उन्हें निकाल सकता है, या
- आपको सूचित कर सकता है कि सॉफ़्टवेयर अनुचित रूप से लायसेंसीकृत किया गया है या वह एक नकली Windows उत्पाद है

और हो सकता है कि

- आपको सॉफ़्टवेयर की उचित रूप से लायसेंसीकृत प्रति प्राप्त करने के लिए अनुस्मारक प्राप्त हों, या
- आपको सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने के लिए लायसेंस प्राप्त करने और पुनः सक्रियण करने के लिए Microsoft के निर्देशों का पालन करना पड़े.

और शायद आप

- सॉफ़्टवेयर या सॉफ़्टवेयर की कुछ सुविधाओं का उपयोग न कर पाएँ या उपयोग जारी न रख पाएँ, या
- Microsoft से कुछ अद्यतन या नवीनकरण प्राप्त न कर पाएँ

**d.** आपको सॉफ़्टवेयर के अद्यतन या नवीनीकरण Microsoft या अधिकृत स्रोतों से ही प्राप्त हो सकते हैं. अधिकृत स्रोतों से अद्यतन प्राप्त करने के लिए अधिक जानकारी हेतु go.microsoft.com/fwlink/?Linkid=104612 देखें.

**6.** **संभावित रूप से अनचाहे सॉफ़्टवेयर.** चालू करने पर Windows Defender आपके कंप्यूटर में "स्पाइवेयर", "एडवेयर" और अन्य संभावित रूप से अनचाहे सॉफ़्टवेयर खोजेगा. यदि उसे संभावित रूप से अनचाहा सॉफ़्टवेयर मिलता है, तो यह सॉफ़्टवेयर आपसे पूछेगा कि क्या आप उसे उपेक्षित करना चाहते हैं, अक्षम (क्वारंटाइन) करना चाहते हैं या

निकालना चाहते हैं. जब तक आप डिफ़ॉल्ट सेटिंग न बदलें, तब तक स्कैनिंग के बाद "उच्च" या "गंभीर" के रूप में मूल्यांकित किसी भी संभावित रूप से अनचाहे सॉफ़्टवेयर को स्वतः निकाल दिया जाएगा. संभावित रूप से अनचाहे सॉफ़्टवेयर को निकालने या अक्षम करने के परिणामस्वरूप

- आपके कंप्यूटर पर अन्य सॉफ़्टवेयर काम करना बंद कर सकते हैं, या
- आपके द्वारा अपने कंप्यूटर पर अन्य सॉफ़्टवेयर का उपयोग के लायसेंस का उल्लंघन हो सकता है.

इस सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके, यह संभव है कि आप ऐसे सॉफ़्टवेयर को भी निकाल दें या अक्षम कर दें, जो संभावित रूप से अवांछित सॉफ़्टवेयर नहीं है.

**7. इंटरनेट-आधारित सेवाएँ.** Microsoft इस सॉफ़्टवेयर के साथ इंटरनेट-आधारित सेवाएँ प्रदान करता है. वह उन्हें किसी भी समय परिवर्तित या रद्द कर सकता है.

**a. इंटरनेट-आधारित सेवाओं के लिए सहमति.** नीचे और Windows 7 गोपनीयता कथन में दर्शाई गईं सॉफ़्टवेयर सुविधाएँ इंटरनेट पर Microsoft या सेवा प्रदाता कंप्यूटर सिस्टम्स से कनेक्ट होती हैं. कुछ मामलों में, उनके कनेक्ट होने पर आपको अलग से सूचना प्राप्त नहीं होगी. कुछ मामलों में, आप इन सुविधाओं को बंद कर सकते हैं या उनका उपयोग नहीं कर सकते हैं. इन सुविधाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए go.microsoft.com/fwlink/?LinkId=104604 पर Windows 7 गोपनीयता कथन देखें. **इन सुविधाओं का उपयोग करके आप इस जानकारी के प्रेषण के लिए अपनी सहमति देते हैं.** Microsoft इस जानकारी का उपयोग आपको पहचानने या आपसे संपर्क करने के लिए नहीं करता.

कंप्यूटर जानकारी. निम्न सुविधाएँ इंटरनेट प्रॉटोकॉल का उपयोग करती हैं जो उपयुक्त कंप्यूटर सिस्टमों को जानकारी भेजते हैं जैसे आपका इंटरनेट प्रॉटोकॉल पता ऑपरेटिंग सिस्टम का प्रकार ब्राउज़र व आपके द्वारा उपयोग किए जा रहे सॉफ़्टवेयर का नाम व संस्करण और उस कंप्यूटर का भाषा कोड जहाँ आपने सॉफ़्टवेयर स्थापित किया था. Microsoft इस जानकारी का उपयोग आपको इंटरनेट-आधारित सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए करता है.

- प्लग एंड प्ले और प्लग एंड प्ले एक्सटेंशन. आप किसी नए हार्डवेयर को अपने कंप्यूटर से सीधे या एक नेटवर्क पर कनेक्ट कर सकते हैं. आपके कंप्यूटर में शायद उस हार्डवेयर से संचार करने के लिए आवश्यक ड्राइवर न हों. यदि ऐसा हो, तो सॉफ़्टवेयर की अद्यतन करने की सुविधा Microsoft से सही ड्राइवर प्राप्त कर सकती है और आपके कंप्यूटर पर स्थापित कर सकती है. कोई व्यवस्थापक इस अद्यतन सुविधा को अक्षम कर सकता है.
- Windows अद्यतन. सॉफ़्टवेयर में Windows अद्यतन सेवा की(यदि आप उसका उपयोग करते हों) सुचारु कार्यप्रणाली सक्षम करने के लिए समय समय पर Windows अद्यतन सेवा में अद्यतन और डाउनलोड करने की आवश्यकता होगी और इन्हें आपको सूचित किए बिना डाउनलोड और स्थापित कर लिया जाएगा.
- वेब सामग्री सुविधाएँ. सॉफ़्टवेयर में मौजूद सुविधाएँ Microsoft से संबंधित सामग्री को पुनर्प्राप्त करके आपको उपलब्ध करा सकती है. इन सुविधाओं के उदाहरण हैं क्लिप आर्ट, टेम्प्लेट, ऑनलाइन ट्रेडिंग, ऑनलाइन सहयोग और Appshelp. आप इन वेब सामग्री सुविधाओं का उपयोग न करना चुन सकते हैं.

- डिजिटल प्रमाणपत्र. यह सॉफ़्टवेयर डिजिटल प्रमाणपत्रों का उपयोग करता है. ये डिजिटल प्रमाणपत्र X.509 मानक एन्क्रिप्टेड जानकारी भेज कर इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की पहचान की पुष्टि करते हैं. इनका उपयोग फ़ाइल सामग्री की सत्यता और उद्गम सत्यापित करने के लिए फ़ाइलों और मैक्रोज़ को डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित करने के लिए भी किया जा सकता है. यह सॉफ़्टवेयर जब भी इंटरनेट उपलब्ध हो तब प्रमाणपत्रों को पुनर्प्राप्त करता है और प्रमाणपत्र रद्दीकरण सूचियों का अद्यतन करता है.

- स्वतः रूट अद्यतन. स्वतः रूट अद्यतन सुविधा विश्वसनीय प्रमाणपत्र प्राधिकरणों की सूची का अद्यतन करती है. आप स्वतः रूट अद्यतन सुविधा को बंद कर सकते हैं.

- Windows मीडिया डिजिटल अधिकार प्रबंधन. सामग्री स्वामी कॉपीराइट सहित अपनी बौद्धिक संपत्ति की रक्षा के लिए Windows मीडिया डिजिटल अधिकार प्रबंधन टेक्नॉलॉजी (WMDRM) का उपयोग करते हैं. यह सॉफ़्टवेयर और तृतीय पक्ष सॉफ़्टवेयर WMDRM रक्षित सामग्री चलाने और उसकी प्रतिलिपि बनाने के लिए WMDRM का उपयोग करते हैं. यदि सॉफ़्टवेयर सामग्री की रक्षा में असफल रहता है, तो सामग्री स्वामी रक्षित सामग्री चलाने या उसकी प्रतिलिपि बनाने के लिए WMDRM का उपयोग करने की सॉफ़्टवेयर की क्षमता को निरस्त करने के लिए Microsoft से कह सकते हैं. निरस्तीकरण से दूसरी सामग्री प्रभावित नहीं होती. जब आप रक्षित सामग्री के लिए लायसेंस डाउनलोड करते हैं, तो आप सहमत होते हैं कि Microsoft उन लायसेंसों के साथ एक निरस्तीकरण सूची भी शामिल कर सकता है. सामग्री स्वामियों के अनुसार शायद आपको उनकी सामग्री तक पहुँचने के लिए WMDRM का नवीनीकरण करना पड़ सकता है. WMDRM युक्त Microsoft सॉफ़्टवेयर नवीनीकरण से पहले आपकी सहमति मांग सकता है. यदि आप नवीनीकरण के लिए इंकार कर देते हैं, तो आप उस सामग्री तक नहीं पहुँच पाएंगे जिसे नवीनीकरण की आवश्यकता है. आप WMDRM की इंटरनेट तक पहुँच स्थापित करने वाली सुविधाओं को बंद कर सकते हैं. ये सुविधाएँ बंद होने पर भी आप उस सामग्री को चला सकते हैं जिसका आपके पास वैध लायसेंस है.

- Windows मीडिया प्लेयर. जब आप Windows मीडिया प्लेयर का उपयोग करते हैं, तो वह Microsoft साइट पर जाकर

  - आपके क्षेत्र में संगत ऑनलाइन संगीत सेवाओं को खोजता है; और
  - प्लेयर के नए संस्करण ढूँढता है.

  अधिक जानकारी के लिए go.microsoft.com/fwlink/?LinkId=104605 पर जाएँ.

- दुर्भावनापूर्ण सॉफ़्टवेयर निवारण. सेटअप के दौरान, अगर आप "स्थापना के लिए महत्वपूर्ण अद्यतन प्राप्त करें" चुनते हैं, तो स्थापना के दौरान सॉफ़्टवेयर आपके कंप्यूटर में कुछ मैलवेयर ढूँढ कर उन्हें निकाल देगा. "मैलवेयर" दुर्भावनापूर्ण सॉफ़्टवेयर है. यदि सॉफ़्टवेयर चलता है तो वह www.support.microsoft.com/?kbid=890830 पर सूचीबद्ध और अपडेट किए जाने वाले मैलवेयर को निकाल देगा. मैलवेयर जाँच के दौरान पाए गए मैलवेयर के बारे में विशिष्ट जानकारी, त्रुटियों, और आपके कंप्यूटर के बारे में अन्य जानकारी की एक रिपोर्ट Microsoft को भेजी जाती है. इस जानकारी का उपयोग सॉफ़्टवेयर और Microsoft के अन्य उत्पादों और सेवाओं में सुधार करने के लिए किया जाता है. इन रिपोर्टों में शामिल की गई किसी भी जानकारी का उपयोग आपको पहचानने या आपसे संपर्क करने के लिए नहीं किया

जाएगा. आप www.support.microsoft.com/?kbid=890830 पर उपलब्ध निर्देशों का पालन करके सॉफ़्टवेयर की रिपोर्ट देने वाली कार्यप्रणाली को अक्षम कर सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए go.microsoft.com/fwlink/?LinkId=113995 पर Windows Malicious Software Removal Tool का गोपनीयता कथन पढ़ें.

- नेटवर्क जागरूकता. यह सुविधा नेटवर्क ट्रैफ़िक की निष्क्रिय मॉनिटरिंग या सक्रिय DNS या HTTP क्वेरियों से यह निर्धारित करती है कि कोई सिस्टम किसी नेटवर्क से कनेक्ट किया गया है या नहीं. रूटिंग उद्देश्यों के लिए क्वेरी केवल मानक TCP/IP या DNS जानकारी स्थानांतरित करती है. आप एक रजिस्ट्री सेटिंग के ज़रिए सक्रिय क्वेरी सुविधा को बंद कर सकते हैं.

- Windows समय सेवा. यह सेवा आपके कंप्यूटर को सही समय देने के लिए सप्ताह में एक बार time.windows.com के साथ सिंक्रनाइज़ करती है. आप इस सुविधा को बंद कर सकते हैं या तिथि एवं समय नियंत्रण पैनल एप्लेट के भीतर अपना पसंदीदा समय स्रोत चुन सकते हैं. कनेक्शन मानक NTP प्रोटोकॉल का उपयोग करता है.

- IPv6 नेटवर्क एड्रेस ट्रांसलेशन (NAT) ट्रैवर्सल सेवा (Teredo). यह सुविधा वर्तमान होम इंटरनेट गेटवे डिवाइसेस का IPv6 में रूपांतरण करने में सहायक होती है. IPv6 अगली पीढ़ी का इंटरनेट प्रोटोकॉल है. यह एन्ड-टू-एन्ड कनेक्टिविटी सक्रिय करने में सहायक होता है जिसकी पीयर-टू-पीयर अनुप्रयोगों में अक्सर आवश्यकता होती है. ऐसा करने के लिए, हर बार जब आप सॉफ़्टवेयर को शुरू करते हैं, तो Teredo क्लायंट सेवा एक सार्वजनिक Teredo सेवा को ढूंढने का प्रयास करेगी. यह इंटरनेट पर एक क्वेरी भेज कर ऐसा करती है. यह क्वेरी केवल यह पता लगाने के लिए केवल मानक डोमेन नाम सेवा सूचना स्थानांतरित करती है कि आपका कंप्यूटर इंटरनेट से जुड़ा है या नहीं और एक सार्वजनिक Teredo सेवा को ढूंढ़ सकता है या नहीं. यदि आप

  - किसी ऐसे अनुप्रयोग का उपयोग करते हैं जिसके लिए IPv6 कनेक्टिविटी आवश्यक हो या
  - आपने अपनी फायरवॉल को हमेशा IPv6 कनेक्टिविटी सक्षम करने के लिए कॉन्फ़िगर किया है

  तो डिफ़ाल्ट रूप में मानक इंटरनेट प्रोटोकॉल सूचना नियमित अंतराल पर Microsoft में Teredo सेवा को भेजी जाएगी. Microsoft को कोई अन्य सूचना नहीं भेजी जाती है. गैर-माइक्रोसॉफ़्ट सर्वरों का उपयोग करने के लिए आप इस डिफ़ाल्ट को बदल सकते हैं. आप एक आदेश पंक्ति सुविधा "netsh" का उपयोग करके इस सुविधा को बंद भी कर सकते हैं.

- एक्सीलरेटर. जब आप Internet Explorer में किसी एक्सीलेटर पर क्लिक करते हैं या उस पर अपना माउस ले जाते हैं, तो निम्नलिखित में से कोई भी जानकारी सेवा प्रदाता को भेजी जा सकती है:

  - वर्तमान वेबपेज का शीर्षक और पूर्ण वेब पता या URL,
  - मानक कंप्यूटर जानकारी, और
  - आपके द्वारा चुनी गई कोई भी सामग्री.

यदि आप Microsoft द्वारा उपलब्ध कराए गए किसी एक्सीलरेटर का उपयोग करते हैं, तो भेजी गई जानकारी का उपयोग Microsoft ऑनलाइन गोपनीयता कथन के अधीन होता है. यह कथन go.microsoft.com/fwlink/?linkid=31493 पर उपलब्ध है. यदि आप किसी तृतीय पक्ष द्वारा उपलब्ध कराए गए एक्सीलरेटर का उपयोग करते हैं, तो भेजी गई जानकारी का उपयोग उस तृतीय पक्ष की गोपनीयता प्रथाओं के अधीन होगा.

- <u>खोज सुझाव सेवा</u>. Internet Explorer में, जब आप तत्काल खोज बॉक्स में खोज क्वेरी टाइप करते हैं या प्रश्न वाचक चिह्न (?) टाइप करते हैं, तो आपको टाइप करते समय खोज सुझाव दिखाई देंगे (अगर आपको खोज प्रदाता द्वारा समर्थित हो). तत्काल खोज बॉक्स या पता पट्टी में पहले प्रश्नचिह्न (?) लगाकर आप जो कुछ भी टाइप करते हैं वह आपके टाइप करते समय आपके खोज प्रदाता को भेज दिया जाता है. साथ ही, जब आप एंटर दबाते हैं या खोज बटन क्लिक करते हैं, तो तत्काल खोज बॉक्स या पता पट्टी में स्थित पाठ खोज प्रदाता को भेज दिया जाता है. यदि आप किसी Microsoft सेवा प्रदाता का उपयोग करते हैं, तो भेजी गई जानकारी का उपयोग Microsoft ऑनलाइन गोपनीयता कथन के अधीन होता है. यह कथन go.microsoft.com/fwlink/?linkid=31493 पर उपलब्ध है. यदि आप किसी तृतीय पक्ष खोज प्रदाता का उपयोग करते हैं, तो भेजी गई जानकारी का उपयोग उस तृतीय पक्ष की गोपनीयता प्रथाओं के अधीन होगा. आप किसी भी समय खोज सुझाव बंद कर सकते हैं. ऐसा करने के लिए, Internet Explorer में उपकरण बटन के तहत एड-ऑन का प्रबंधन करें का उपयोग करें. खोज सुझाव के बारे में अधिक जानकारी के लिए, go.microsoft.com/fwlink/?linkid=128106 देखें.

- <u>इंफ्रारेड उत्सर्जक/ग्राही के अद्यतन को सहमति</u>. इस सॉफ़्टवेयर में ऐसी तकनीक शामिल हो सकती है जो यह सुनिश्चित करती है कि कुछ मीडिया सेंटर-आधारित उत्पादों के साथ दी जाने वाली इंफ्रारेड उत्सर्जक/ग्राही डिवाइस सुचारू रूप से चलती रहे. आप सहमत हैं कि यह सॉफ़्टवेयर इस डिवाइस के फ़र्मवेयर का अद्यतन कर सकता है.

- <u>मीडिया केंद्र ऑनलाइन प्रोत्साहन</u>. यदि आप इंटरनेट-आधारित सामग्री या अन्य इंटरनेट-आधारित सेवाओं तक पहुँचने के लिए सॉफ़्टवेयर की मीडिया सेंटर सुविधाओं का उपयोग करते हैं, तो ये सेवाएँ सॉफ़्टवेयर से निम्नलिखित जानकारी प्राप्त कर सकती हैं ताकि आप कुछ प्रचार ऑफ़र्स को प्राप्त, स्वीकार और उनका उपयोग कर सकें:

  - कुछ कंप्यूटर जानकारी, जैसे आपका इंटरनेट प्रोटोकॉल पता, ऑपरेटिंग सिस्टम और ब्राउज़र का प्रकार और आपके द्वारा उपयोग किए जा रहे सॉफ़्टवेयर का नाम और संस्करण,
  - अनुरोधित सामग्री, और
  - उस कंप्यूटर का भाषा कोड जहाँ आपने सॉफ़्टवेयर स्थापित किया हैं.

  उन सेवाओं से कनेक्ट होने के लिए आपके द्वारा किया गया मीडिया सेंटर का उपयोग ऐसी जानकारी के संग्रह और उपयोग के लिए आपकी सहमति का कार्य करता है.

**b. जानकारी का उपयोग.** Microsoft कंप्यूटर जानकारी, एक्सेलेरेटर जानकारी, खोज सुझाव जानकारी, त्रुटि रिपोर्टों

और मैलवेयर रिपोर्टों का उपयोग हमारे सॉफ़्टवेयर और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कर सकता है. हम इसे अन्य लोगों, जैसे हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर विक्रेताओं के साथ भी साझा कर सकते हैं. वे इस जानकारी का उपयोग Microsoft सॉफ़्टवेयर के साथ अपने उत्पादों के चलने में सुधार करने के लिए कर सकते हैं.

c. **इंटरनेट आधारित सेवाओं का दुरुपयोग.** इन सेवाओं को आप ऐसे किसी भी तरीके से उपयोग नहीं कर सकते जिससे इन सेवाओं को नुकसान पहुँचे या किसी और के द्वारा इन सेवाओं के किये जा रहे उपयोग में समस्या पैदा हो. आप इन सेवाओं का उपयोग किसी भी तरह किसी सेवा, डेटा, खाते या नेटवर्क तक अनधिकृत पहुँच पाने के लिए नहीं कर सकते.

8. **लायसेंस का दायरा.** इस सॉफ़्टवेयर का लायसेंस दिया गया है, इसे बेचा नहीं गया है. यह अनुबंध आपको लायसेंसीकृत सॉफ़्टवेयर संस्करण की सुविधाओं का उपयोग करने के कुछ अधिकार देता है. अन्य सभी अधिकार Microsoft के पास सुरक्षित हैं. आप इस सॉफ़्टवेयर का उपयोग केवल इस अनुबंध में स्पष्ट रूप से दी गई अनुमति के अनुसार कर सकते हैं, बशर्ते लागू क़ानून आपको इस सीमितता के बावजूद और अधिक अधिकार न देता हो. ऐसा करते समय आपको सॉफ़्टवेयर की उन तकनीकी सीमाओं का अनुपालन करना होगा जो आपको इस सॉफ़्टवेयर को किन्हीं विशेष प्रकार से ही उपयोग करने की अनुमति देती हैं. आप

- इस सॉफ़्टवेयर की तकनीकी सीमाओं में किसी प्रकार का फेरबदल नहीं कर सकते;
- उस स्थिति को छोड़कर और उस सीमा तक जिसकी इस सीमा के बावजूद लागू क़ानून ने स्पष्ट रूप से अनुमति दी हो आप इस सॉफ़्टवेयर को रिवर्स इंजीनियर डिकंपाइल या डिसअसेंबल नहीं कर सकते;
- इस सॉफ़्टवेयर के घटकों का उपयोग ऐसे अनुप्रयोग चलाने के लिए नहीं कर सकते हैं जो इस सॉफ़्टवेयर पर नहीं चल रहे हों;
- आप इस सॉफ़्टवेयर की, इस अनुबंध में निर्दिष्ट या इस सीमा के बावजूद लागू क़ानून द्वारा स्वीकृत प्रतियों से अधिक प्रतियाँ नहीं बना सकते.
- सॉफ़्टवेयर को दूसरों द्वारा नकल किए जाने के लिए प्रकाशित नहीं कर सकते;
- इस सॉफ़्टवेयर को किराए पर, लीज़ पर, या उधार नहीं दे सकते; या
- इस सॉफ़्टवेयर को व्यावसायिक सॉफ़्टवेयर होस्टिंग सेवाओं के लिए उपयोग नहीं कर सकते.

9. **MICROSOFT .NET बेंचमार्क परीक्षण.** इस सॉफ़्टवेयर में .NET Framework (".NET Components") के एक या अधिक घटक शामिल हैं. आप उन घटकों के आंतरिक बेंचमार्क परीक्षण कर सकते हैं. आप उन घटकों के किसी भी बेंचमार्क परीक्षण के परिणामों को प्रकट कर सकते हैं, बशर्ते कि आप go.microsoft.com/fwlink/?LinkID=66406 पर दी गई शर्तों का पालन करते हों. Microsoft के साथ आपके किसी अन्य समझौते के बावजूद, यदि आप ऐसे बेंचमार्क परीक्षण के परिणामों को प्रकट करेंगे, तो Microsoft को लागू होने वाले .NET अवयव के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाले आपके उत्पादों के उसके द्वारा संचालित बेंचमार्क परीक्षणों के परिणामों को प्रकट करने का अधिकार होगा, बशर्ते कि यह go.microsoft.com/fwlink/?LinkID=66406 पर दी गई उन्हीं शर्तों का पालन करता हो.

**10. बैकअप प्रतिलिपि.**

a. **मीडिया.** यदि आपने सॉफ़्टवेयर डिस्क या अन्य मीडिया पर खरीदा है, तो आप उस मीडिया की एक बैकअप प्रतिलिपि बना सकते हैं. आप उसे केवल लायसेंसीकृत कंप्यूटर पर सॉफ़्टवेयर पुन: स्थापित करने के लिए उपयोग कर सकते हैं.

b. **इलेक्ट्रॉनिक डाउनलोड.** यदि आपने सॉफ़्टवेयर को ऑनलाइन खरीदा और डाउनलोड किया है, तो आप सॉफ़्टवेयर को कंप्यूटर पर स्थापित करने के लिए डिस्क या किसी अन्य मीडिया पर सॉफ़्टवेयर की एक प्रतिलिपि बना सकते हैं. आप उसे लायसेंसीकृत कंप्यूटर पर सॉफ़्टवेयर पुन: स्थापित करने के लिए भी उपयोग कर सकते हैं.

**11. प्रलेखन.** आपके कंप्यूटर या आंतरिक नेटवर्क पर मान्य पहुँच प्राप्त कोई व्यक्ति आपके आंतरिक व संदर्भ उद्देश्यों के लिए दस्तावेज़ की प्रतिलिपि बना सकता है या उनका उपयोग कर सकता है.

**12. सॉफ़्टवेयर पुनः बिक्री के लिए नहीं.** "NFR" या "पुनः बिक्री के लिए नहीं" के रूप में चिह्नित सॉफ़्टवेयर को आप बेच नहीं सकते.

**13. शैक्षणिक संस्करण सॉफ़्टवेयर.** "शैक्षणिक संस्करण" या "AE"के रूप में चिह्नित सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने के लिए आपको एक "योग्य शैक्षणिक उपयोगकर्ता" होना आवश्यक है. यदि आप यह नहीं जानते कि आप योग्य शैक्षणिक उपयोगकर्ता हैं या नहीं, तो www.microsoft.com/education पर जाएँ या आपके देश में कार्यरत Microsoft सहयोगी कंपनी से संपर्क करें.

**14. भौगोलिक सीमाएँ.** यदि सॉफ़्टवेयर को किसी विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में सक्रियण आवश्यक होने के लिए चिह्नित किया गया है, तो आपको केवल उसी भौगोलिक क्षेत्र में इस सॉफ़्टवेयर का सक्रियण करने की अनुमति होगी जो सॉफ़्टवेयर पैकेजिंग में इंगित किया गया है. आप उस क्षेत्र के बाहर शायद सॉफ़्टवेयर का सक्रियण न कर पाएँ. भौगोलिक सीमाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए go.microsoft.com/fwlink/?LinkId=141397 पर जाएँ.

**15. नवीनीकरण.** नवीनीकरण सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने के लिए आपको पहले उस सॉफ़्टवेयर के लिए लायसेंसीकृत होना चाहिए जो नवीनीकरण होने योग्य हो. नवीनीकृत करने के बाद यह अनुबंध उस सॉफ़्टवेयर के अनुबंध का स्थान ले लेगा जिसे आपने नवीनीकृत किया था. नवीनीकृत करने के बाद आप उस सॉफ़्टवेयर का उपयोग नहीं कर सकेंगे जिसे आपने नवीनीकृत किया था.

**16. लायसेंस का प्रमाण.**

a. **लायसेंस का असली प्रमाण.** यदि आपने यह सॉफ़्टवेयर किसी डिस्क या अन्य मीडिया पर ख़रीदा है, तो सॉफ़्टवेयर के साथ मिली असली उत्पाद कुंजी के साथ असली Microsoft प्रमाणीकरण प्रमाणपत्र लेबल, और आपकी खरीदी का प्रमाण आपके लायसेंस का प्रमाण होता है. यदि आपने सॉफ़्टवेयर को Microsoft से ऑनलाइन खरीदा व डाउनलोड किया था, तो खरीदी के साथ आपको मिली सॉफ़्टवेयर की असली Microsoft उत्पाद कुंजी, और असली Microsoft सॉफ़्टवेयर के किसी अधिकृत इलेक्ट्रॉनिक आपूर्तिकर्ता से मिला खरीदी का प्रमाण आपके लायसेंस का प्रमाण होता है. ख़रीदी का प्रमाण आपके दुकानदार के रेकॉर्ड द्वारा सत्यापन के अधीन है.

b. **Windows Anytime Upgrade लायसेंस.** यदि आप Windows Anytime Upgrade का उपयोग करके

सॉफ़्टवेयर को नवीनीकृत करते हैं, तो उस सॉफ़्टवेयर के लायसेंस का प्रमाण जिससे आपने नवीनीकरण किया, आपकी Windows Anytime Upgrade उत्पाद कुंजी और आपकी खरीदी का प्रमाण आपके लायसेंस प्रमाण होगा. ख़रीदी का प्रमाण आपके दुकानदार के रेकॉर्ड द्वारा सत्यापन के अधीन है.

**c.** असली Microsoft सॉफ़्टवेयर की पहचान करने के लिए www.howtotell.com देखें.

**17. अन्य कंप्यूटर में हस्तांतरण.**

**a. Windows Anytime नवीनीकरण के अलावा अन्य सॉफ़्टवेयर.** आप अपने उपयोग के लिए सॉफ़्टवेयर को हस्तांतरित करके उसे किसी अन्य कंप्यूटर पर स्थापित कर सकते हैं. वह कंप्यूटर लायसेंसीकृत कंप्यूटर बन जाता है. आप इस लायसेंस को कंप्यूटर के बीच साझा करने के लिए ऐसा नहीं कर सकते.

**b. Windows Anytime नवीनीकरण सॉफ़्टवेयर.** आप सॉफ़्टवेयर को हस्तांतरित करके उसे किसी अन्य कंप्यूटर पर स्थापित कर सकते हैं, लेकिन केवल तब, जब जिस सॉफ़्टवेयर से आपने नवीनीकरण किया था, वह इसकी अनुमति देता हो. वह कंप्यूटर लायसेंसीकृत कंप्यूटर बन जाता है. आप इस लायसेंस को कंप्यूटर के बीच साझा करने के लिए ऐसा नहीं कर सकते.

**18. तृतीय पक्ष को स्थानांतरण.**

**a. Windows Anytime नवीनीकरण के अलावा अन्य सॉफ़्टवेयर.** सॉफ़्टवेयर का पहला उपयोगकर्ता, मूल मीडिया, प्रमाणीकरण का प्रमाणपत्र, उत्पाद कुंजी और खरीदी का प्रमाण का हस्तांतरण करके, सॉफ़्टवेयर, और इस अनुबंध का, केवल एक बार किसी तृतीय पक्ष को सीधे हस्तांतरण कर सकता है. प्रथम उपयोगकर्ता को सॉफ़्टवेयर को कंप्यूटर से अलग स्थानांतरित करने से पहले इस सॉफ़्टवेयर को निकालना होगा. प्रथम उपयोगकर्ता अपने पास सॉफ़्टवेयर की कोई प्रति नहीं रख सकता.

**b. Windows Anytime नवीनीकरण सॉफ़्टवेयर.** आप सॉफ़्टवेयर को सीधे किसी तृतीय पक्ष को केवल लायसेंसीकृत कंप्यूटर के साथ ही स्थानांतरित कर सकते हैं. आप सॉफ़्टवेयर या उसके किसी पूर्व संस्करण की प्रति अपने पास नहीं रख सकते.

**c. अन्य आवश्यकताएँ.** किसी भी स्वीकृत स्थानांतरण से पहले, दूसरे पक्ष को इस बात से सहमत होना चाहिए कि यह अनुबंध इस सॉफ़्टवेयर के स्थानांतरण व उपयोग पर लागू होता है.

**19. H.264/AVC विज़ुअल मानक, VC-1 वीडियो मानक, MPEG-4 विज़ुअल मानक और MPEG-2 वीडियो मानक के बारे में नोटिस.** इस सॉफ़्टवेयर में H.264/AVC, VC-1, MPEG-4 भाग 2, और MPEG-2 विज़ुअल संपीड़न टैक्नॉलॉजी शामिल है. MPEG LA, L.L.C. के लिए यह सूचना आवश्यक है:

यह उत्पाद AVC, VC-1, MPEG-4 भाग 2 विज़ुअल, और MPEG-2 वीडियो पेटेंट पोर्टफोलियो लायसेंसों के अंतर्गत उपभोक्ता को (i) उपरोक्त मानकों ("वीडियो मानक") युक्त वीडियो को एन्कोड करने, और/या (ii) AVC, VC-1, MPEG-4 भाग 2 और MPEG-2 वीडियो जिसे किसी उपभोक्ता ने व्यक्तिगत और गैर-व्यावसायिक गतिविधि के तहत एन्कोड किया हो और/या जिसे किसी ऐसे वीडियो प्रदाता द्वारा प्राप्त किया गया हो जो ऐसे वीडियो उपलब्ध कराने के लिए लायसेंसीकृत हो, को डीकोड करने, के लिए व्यक्तिगत और गैर-व्यावसायिक उपयोग के लिए लायसेंसीकृत है.

किसी भी अन्य उपयोग के लिए लायसेंस नहीं दिया गया है और न ही ऐसा समझा जाना चाहिए. अतिरिक्त जानकारी MPEG LA, L.L.C से प्राप्त की जा सकती है. WWW.MPEGLA.COM देखें.

20. **तृतीय पक्ष के प्रोग्राम.** इस सॉफ़्टवेयर में तृतीय पक्ष के प्रोग्राम शामिल हैं. उन प्रोग्रामों के साथ जुड़ी लायसेंस शर्तें आपके द्वारा उनके उपयोग पर लागू होती हैं.

21. **निर्यात प्रतिबंध.** यह सॉफ़्टवेयर संयुक्त राज्य के निर्यात क़ानूनों और विनियमों के अधीन है. आपको इस सॉफ़्टवेयर पर लागू सभी स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय निर्यात क़ानूनों और विनियमों का अनुपालन करना होगा. इन कानूनों में गंतव्यों, अंत उपयोगकर्ताओं और अंतिम उपयोग पर प्रतिबंध सम्मिलित हैं. अधिक जानकारी के लिए, www.microsoft.com/exporting देखें.

22. **समर्थन सेवाएँ.** Microsoft इस सॉफ़्टवेयर के लिए समर्थन सेवाएँ प्रदान करता है जिसका वर्णन इस पृष्ठ पर हैः www.support.microsoft.com/common/international.aspx. यदि आप ऐसे सॉफ़्टवेयर का उपयोग कर रहे हैं जिसके लिए उचित लायसेंस नहीं मिला है, तो आप समर्थन सेवाएँ प्राप्त करने के अधिकारी नहीं होंगे.

23. **संपूर्ण अनुबंध.** यह अनुबंध (नीचे दी गई वारंटी सहित), अतिरिक्त शर्तें (कागज़ पर मुद्रित किसी भी लायसेंस शर्तों सहित जो सॉफ़्टवेयर के साथ आती हैं और इनमें से कुछ या सभी शर्तों को संशोधित या प्रतिस्थापित कर सकती हैं), और पूरकों, अद्यतनों, आपके द्वारा उपयोग की जा रही इंटरनेट आधारित सेवाओं और सहायक सेवाओं की शर्तें, इस सॉफ़्टवेयर और सहायक सेवाओं के लिए संपूर्ण अनुबंध है.

24. **लागू क़ानून.**

  a. **संयुक्त राज्य.** यदि आपने यह सॉफ़्टवेयर संयुक्त राज्य में ख़रीदा है, तो क़ानूनी सिद्धांतों के विवाद के बावजूद, वाशिंगटन राज्य कानून इस अनुबंध की व्याख्या को नियंत्रित करता है और इसके उल्लंघन के दावों पर लागू होता है. आप जहाँ रहते हैं उस राज्य के क़ानून राज्य उपभोक्ता संरक्षण क़ानूनों, अनुचित प्रतिस्पर्धा क़ानूनों और दुष्कृति सहित अन्य सभी दावों को नियंत्रित करते हैं.

  b. **संयुक्त राज्य के बाहर.** यदि आपने यह सॉफ़्टवेयर किसी अन्य देश में खरीदा है तो उस देश के क़ानून लागू होते हैं.

25. **वैधानिक प्रभाव.** यह अनुबंध कुछ वैधानिक अधिकारों की व्याख्या करता है. आपके राज्य या देश के क़ानून के अंतर्गत आपको अन्य अधिकार प्राप्त हो सकते हैं. आपने जिस पार्टी से सॉफ़्टवेयर प्राप्त किया है, उसके अनुसार भी आपको अधिकार प्राप्त हो सकते हैं. यह अनुबंध आपके राज्य या देश के क़ानूनों के अंतर्गत आने वाले आपके अधिकारों को नहीं बदलता यदि आपका राज्य या देश ऐसा करने की अनुमति नहीं देते.

26. **क्षतिपूर्ति की सीमाएँ और बहिष्करण. आप Microsoft और उसके आपूर्तिदाताओं से केवल उस राशि तक की प्रत्यक्ष क्षतिपूर्ति प्राप्त कर सकते हैं जो आपने सॉफ़्टवेयर के लिये अदा की थी. आप परिणामी, मुनाफ़े की हानि, विशेष, अप्रत्यक्ष या आकस्मिक क्षतियों सहित किसी अन्य क्षतिपूर्ति की वसूली नहीं कर सकते.**

    यह सीमितता निम्न पर लागू होती है

- सॉफ़्टवेयर, सेवा, तृतीय पक्ष इंटरनेट साइट्स पर सामग्री (कोड सहित), या तृतीय पक्ष प्रोग्राम्स से संबद्ध हर मद

पर लागू होती है; और

- अनुबंध भंग करने, वारंटी, गारंटी या स्थिति भंग करने, निश्चित दायित्व, लापरवाही, या लागू क़ानून की स्वीकृत सीमा तक अन्य दुष्कृति के दावों पर लागू होती है.

यह तब भी लागू होती है जब

- सॉफ़्टवेयर की दुरुस्ती, बदली या धनवापसी आपको किसी भी हानि के लिये पूरी तरह क्षतिपूरित नहीं करती, या
- क्षतियों की संभावना के बारे में Microsoft को जानकारी थी या जानकारी होनी चाहिये थी.

कुछ राज्य आकस्मिक या परिणामी क्षतियों के अपवर्जन या उन्हें सीमित करने की अनुमति नहीं देते, इसलिये उपरोक्त सीमाएँ या वर्जन शायद आप पर लागू न हों. वे शायद आप पर इसलिये भी लागू न हों क्योंकि संभवत: आपका देश आकस्मिक, परिणामी या अन्य क्षतियों के अपवर्जन या सीमा निर्धारण की अनुमति नहीं देता हो.

***************************************************************

**सीमित वारंटी**

**A. सीमित वारंटी.** यदि आप निर्देशों का पालन करते हैं और सॉफ़्टवेयर उचित रूप से लायसेंसीकृत है, तो यह सॉफ़्टवेयर आपके द्वारा सॉफ़्टवेयर में या उसके साथ पाई गई Microsoft सामग्री में दिए वर्णन के अनुसार कार्य करेगा.

**B. वारंटी की शर्तें, वारंटी प्राप्तकर्ता, किसी निहित वारंटी की अवधि. सीमित वारंटी प्रथम उपयोगकर्ता द्वारा सॉफ़्टवेयर प्राप्त किये जाने के बाद एक वर्ष प्रभाव में रहती है. यदि इस वर्ष के दौरान आपको पूरक, अद्यतन या प्रतिस्थापन सॉफ़्टवेयर प्राप्त होते हैं, तो उन्हें वारंटी की शेष अवधि या 30 दिन, जो भी अधिक हो, के लिये आवरित किया जाएगा.** यदि प्रथम उपयोगकर्ता सॉफ़्टवेयर को हस्तांतरित कर देता है तो शेष वारंटी प्राप्तकर्ता पर लागू होगी.

**कानून द्वारा स्वीकृत सीमा तक, कोई भी निहित वारंटी, गारंटी या शर्तें केवल सीमित वारंटी की अवधि तक ही प्रभाव में रहती हैं.** कुछ राज्य इस बात पर किसी सीमा की अनुमति नहीं देते कि कोई निहित वारंटी कितने समय तक रहेगी, इसलिये ये सीमाएँ शायद आप पर लागू न हों. शायद वे आप पर इसलिये भी लागू न हों क्योंकि संभवत: कुछ देश इस बात पर किसी सीमा की अनुमति नहीं देते कि कोई निहित वारंटी, गारंटी या स्थिति कितने समय तक रहेगी.

**C. वारंटी के अपवर्जन.** यह वारंटी आपके कार्यों(या कार्य करने में विफलताओं), अन्य लोगों के कार्यों, या Microsoft के व्यावहारिक नियंत्रण से परे की घटनाओं के कारण हुई समस्याओं को आवरित नहीं करती.

**D. वारंटी के उल्लंघन के उपाय. Microsoft बिना किसी शुल्क के सॉफ़्टवेयर की दुरुस्ती या उसकी बदली करके देगा. यदि Microsoft दुरुस्ती या बदली नहीं कर सकता, तो Microsoft आपको इस सॉफ़्टवेयर की रसीद पर दर्शाई गई राशि लौटा देगा. वह बिना किसी शुल्क के पूरक, अद्यतन या प्रतिस्थापन सॉफ़्टवेयर की दुरुस्ती या उसकी बदली भी करके देगा. यदि Microsoft उनकी दुरुस्ती या बदली नहीं कर सकता, तो Microsoft आपके द्वारा उनके एवज में अदा की गई कोई भी राशि, यदि हो तो, आपको लौटा देगा. धनवापसी पाने के लिए आपको सॉफ़्टवेयर की स्थापना रद्द करके मीडिया और किसी भी अन्य संबंधित सामग्री को उसकी ख़रीदी के प्रमाण के साथ Microsoft को लौटाना होगा. आपके पास सीमित वारंटी के उल्लंघन के बस यही उपाय हैं.**

**E. उपभोक्ता अधिकार अप्रभावित. आपको आपके स्थानीय क़ानूनों के अंतर्गत, अतिरिक्त उपभोक्ता अधिकार मिल सकते हैं, जिन्हें यह अनुबंध नहीं बदल सकता.**

**F. वारंटी प्रक्रिया.** वारंटी सेवा के लिये आपके पास ख़रीदी का प्रमाण होना आवश्यक है.

**1. संयुक्त राज्य व कनाडा.** वारंटी सेवा या संयुक्त राज्य में ख़रीदे गये सॉफ़्टवेयर के लिये धनवापसी पाने के बारे में जानकारी के लिये Microsoft से इस नंबर पर संपर्क करें

- (800) MICROSOFT;
- Microsoft Customer Service and Support, One Microsoft Way, Redmond, WA 98052-6399; या
- देखें www.microsoft.com/info/nareturns.htm.

2. **यूरोप, मध्य पूर्व व अफ़्रीका.** यदि आपने यह सॉफ़्टवेयर यूरोप, मध्य पूर्व या अफ़्रीका में ख़रीदा है, तो Microsoft Ireland Operations Limited यह सीमित वारंटी प्रदान करता है. इस वारंटी के तहत दावा करने के लिए आपको निम्न से संपर्क करना चाहिये

   - Microsoft Ireland Operations Limited, Customer Care Centre, Atrium Building Block B, Carmanhall Road, Sandyford Industrial Estate, Dublin 18, Ireland; या

   - आपके देश में कार्यरत Microsoft सहयोगी कंपनी (देखें www.microsoft.com/worldwide)

3. **संयुक्त राज्य, कनाडा, यूरोप, मध्य पूर्व व अफ़्रीका के बाहर.** यदि आपने यह सॉफ़्टवेयर संयुक्त राज्य, कनाडा, यूरोप, मध्य पूर्व व अफ़्रीका के बाहर ख़रीदा है, तो आपके देश में कार्यरत Microsoft सहयोगी कंपनी से संपर्क करें.(देखें www.microsoft.com/worldwide). भारत के लिए, (91) (11) 6294600 पर फोन करें या www.microsoft.com/india/default.aspx देखें.

**G. अन्य कोई वारंटी नहीं. सीमित वारंटी Microsoft की ओर से दी जाने वाली एकमात्र प्रत्यक्ष वारंटी है. Microsoft अन्य कोई स्पष्ट वारंटी, गारंटी या शर्तें नहीं देता है. जहाँ आपके स्थानीय क़ानूनों के अंतर्गत स्वीकृत हो वहाँ Microsoft बिक्री योग्यता, किसी विशेष प्रयोजन के लिए उपयुक्तता या गैर-उल्लंघन की निहित वारंटियां शामिल नहीं करता.** यदि आपके स्थानीय कानून आपको कोई निहित वारंटी, गारंटी या स्थिति प्रदान करते हैं, तो इस अपवर्जन के बावजूद, आपके स्थानीय कानूनों द्वारा स्वीकृत सीमा तक आपके उपाय ऊपर दी गई धारा वारंटी के उल्लंघन के उपाय में वर्णित किए गए हैं.

**H. वारंटी के उल्लंघन के लिये क्षति की सीमा और अपवर्जन. ऊपरोक्त क्षति की सीमा और अपवर्जन की धारा इस सीमित वारंटी के उल्लंघनों पर लागू होती है.**

**यह वारंटी आपको विशिष्ट कानूनी अधिकार प्रदान करती है, और आपके अन्य अधिकार भी हो सकते हैं जो अलग अलग राज्यों में भिन्न हो सकते हैं. आपके अन्य अधिकार भी हो सकते हैं जो अलग अलग देशों में भिन्न हो सकते हैं.**

!!!!EULAID!!!!